प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

समेटी के द्वारा वर्चुअल मोड पर छः प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

पंतनगर। 01 जनवरी 2021। विश्वविद्यालय के राज्य कृषि प्रबन्धन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान (समेटी), ने कोविड-19 की परिस्थितियों के दौरान नवम्बर से दिसम्बर माह तक वर्चुअल मोड पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस समयावधि में मत्स्य पालन, संरक्षित सब्जी उत्पादन, मौन पालन, कुक्कुट पालन, डेयरी व दुग्ध उत्पादन एवं फूलोत्पादन सम्बन्धी कुल 06 प्रशिक्षण आयोजित हुए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपद उत्तरकाशी, रूद्रप्रयाग, पौड़ी, टिहरी, पिथौरागढ़, चम्पावत, चमोली, बागेश्वर, अल्मोड़ा, नैनीताल, देहरादून एवं ऊधमसिंह नगर के कुल 239 आतमा के अधिकारी, प्रसार कार्यकर्ता एवं प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान अपने अनुभवों का साझा करते हुए प्रतिभागियों ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा कृषक हित में प्रारम्भ की गयी यह पहल अनूठी है जिससे अतिदुर्गम क्षेत्र के किसान भी लाभान्वित हुए है। इन कार्यक्रमों के दौरान कृषकों ने वर्चुअल मोड पर मत्स्य, सब्जियों के कीट-रोग, मौन पालन व खेती सम्बन्धी समस्याओं का समाधान वैज्ञानिकों से प्राप्त किया और इस प्रकार के कार्यक्रमों को यथावत संचालित करने की बात कही। निदेशक, प्रसार शिक्षा, डा. अनिल कुमार शर्मा ने कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों से विश्वविद्यालय द्वारा विकसित तकनीकों को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने एवं क्षेत्र के कृषि विज्ञान केन्द्रों से सहयोग लेने का आह्वान किया। प्राध्यापक, सस्य विज्ञान, डा. बी.डी. सिंह ने कहा कि जिन कृषकों ने प्रशिक्षण के दौरान नई जानकारियों को अर्जित किया है वे अन्य कृषकों के बीच उनका साझा करे ताकि अधिक से अधिक कृषक लाभान्वित हो सके। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन में निदेशक संचार, डा. एस.के. बंसल, संयुक्त निदेशक प्रसार, डा. अनुराधा दत्ता, प्राध्यापक, डा. आर.के. शर्मा, डा. बी.एस. कार्की एवं डा. संजय चौधरी का सहयोग रहा।

वर्चुअल मोड पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों से रू-ब-रू होते निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. अनिल कुमार शर्मा।